स्वच्छ भारत अभियान

भारत के प्रधानमन्त्री के स्वच्छ भारत योजना के अन्तर्गत इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, पूर्व क्षेत्रीय केन्द्र, वाराणसी ने स्वच्छता दिवस के रूप में 14.8.2015 को स्वीकार किया । संस्था के सभी सदस्यों ने इस लक्ष्य को अत्यन्त उत्साहपूर्वक पुस्तकालय के सफाई से प्रारम्भ किया, जिसमें सभी आलमारियों सहित पुस्तकों की साफ–सफाई की गयी। इसके अतिरिक्त परिसर के उद्यान, बगीचा एवं पाथ–वे की भी समुचित सफाई की गयी। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र परिवार के साथ ही पार्श्वनाथ विद्यापीठ के भी सभी सम्मानित सदस्यों ने परिसर के उद्यान, बगीचा एवं पाथ–वे की सफाई की । इन दोनों संस्थाओं के सदस्यों द्वारा संचालित सफाई अभियान को देख कर परिसर के आवासीय छात्र–छात्राएं तथा छोटे–छोट बच्चों ने भी उत्साहित हाकर इस सफाई कार्यक्रम में अपना योगदान देकर इसे सफल बनाया ।

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र एवं पार्श्वनाथ विद्यापीठ के सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया है कि हर महीने के अन्तिम शुक्रवार को हम सभी लोग पूरे परिसर की सफाई करेंगे और प्रधानमंत्री के आह्वान को सफल बनायेंगे ।